वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 101 | रविवार 4 अगस्त 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## राष्ट्रपति मुर्मु की अध्यक्षता में आयोजित हुआ राज्यपालों का सम्मेलन

### राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे राज्यपालों के सम्मेलन में शामिल हुए





**जयपुर. शाबाश इंडिया।** राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने शुक्रवार और शनिवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की अध्यक्षता में आयोजित राज्यपालों के सम्मेलन में भाग लिया। बागडे राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस सम्मेलन में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत', 'एक वृक्ष मां के नाम' और प्राकृतिक खेती अभियान, राज्यपालों का जनता से सतत संपर्क, राज्यपालों की भूमिका और विभिन्न केंद्रीय एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में राज्यपालों की भूमिका जैसे विषयों के विभिन्न सत्रों में शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि इस सम्मेलन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आदि ने संबोधित किया।

## अब अस्पताल में नहीं पड़ेगा भटकना, एक ही जगह मिलेगी सम्पूर्ण जानकारी

### विधानसभा अध्यक्ष ने किया स्पीकर हैल्प डेस्क का शुभारंभ



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अजमेर संभाग के सबसे बड़े जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में अब डॉक्टरों की जानकारी के लिए मरीज व परिजनों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। विधानसभा अध्यक्ष हैल्प डेस्क पर मरीजों को एक ही जगह समस्त जानकारी मिल जाएगी। आपातकालीन ईकाई के पास इस हैल्प डेस्क की स्थापना की गई है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शनिवार को अजमेर के जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में स्पीकर हैल्प डेस्क का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि लम्बे समय से अस्पताल में यह जानकारी मिल रही थी कि सही जानकारी के अभाव में मरीज व उनके परिजनों को यहां-वहां भटकना पड़ता है। उन्हें बीमारी बताने के बाद भी सही डॉक्टर, विभाग, कमरा नम्बर, दवा केन्द्र, जांच केन्द्र, ऑपरेशन थियेटर, ओपीडी व इंडोर पेशेंट से संबंधित जानकारी नहीं मिल पाती है। उनका काफी समय खराब हो जाता है। देवनानी ने बताया कि मरीज व उनके परिजनों की सुविधा के लिए अस्पताल की आपातकालीन ईकाई के पास अधीक्षक कक्ष से पहले हैल्प डेस्क की स्थापना की गई है। यहां 24 घण्टे तीन पारियों में स्टाफ तैनात रहेगा। कोई भी मरीज या उनका परिजन आकर यहां चिकित्सा से संबंधित किसी भी तरह की जानकारी ले सकता है।



# कमला नगर डी ब्लॉक जैन मंदिर में लगाई गई बच्चों की धार्मिक पाठशाला

**आगरा. शाबाश इंडिया**

मेडिटेशन गुरु उपाध्याय श्री विहसंत सागर जी महाराज ससंघ का अर्पितमय पावन वषायोग आगरा के कमला नगर स्थित श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर के आचार्य श्री विद्यासागर संत निलय में चल रहा है जहां 3 अगस्त को उपाध्यायश्री के संघस्थ मुनिश्री विश्वसौम्य सागर जी महाराज ने प्रातः काल की बेला में केशलोंच की कियाएं संपन्न कीं ।इस दौरान मौजूद सभी भक्तों ने मुनिश्री के इस केशलोंच की अनुमोदना की। इसके बाद मेडिटेशन गुरु उपाध्यायश्री विहसंत सागर जी महाराज



के मंगल ससंघ की प्रेरणा एवं सानिध्य में ग्रेटर कमलानगर समेत पूरे आगरा से लगभग 200 बच्चों की धार्मिक पाठशाला लगाई गई जिसमें सभी बच्चों ने आकर धार्मिक संस्कार पाये! उपाध्यायश्री ने पाठशाला में सभी बच्चों को संबोधित करते हुए मुनियो की पड़गाहन विधि व 9 भक्ति यानी, पड़गाहन,उच्चासन,पादप्रक्षालन, पूजन, नमस्कार, मन शुद्धी, वचन शुद्धी, काय शुद्धी,आहार व जल शुद्ध है करने को नवधाभक्ति कहते है समझाया। पंचपरमेष्ठी का स्वरूप एवं उनके मूल गुण आदि बताये उपाध्यायश्री का कहना है कि बच्चों पर हमने पढाई व माता पिता की आकक्षाओं का इतना भार डाल दिया है कि आज की पीडी धर्म व संस्कार विहीन होती जा रही है, अतःउन्हें छोटे पन में ही धर्म एवं संस्कृति की जानकारी दे देनी चाहिये। सभा के अन्त मे सही बच्चो को इनाम व स्वलापहार दिया गया। इस अवसर पर जगदीश प्रसाद जैन,मनोज जैन बाकलीवाल, यशपाल जैन, सुमेर जैन पाड़या,अनिल जैन,अनिल रईस,नरेश जैन,अनुज जैन,मुकेश जैन रपरिया, शैलेन्द्र जैन, प्रमोद जैन, मीडिया प्रभारी शुभम जैन,अभिषेक जैन,समस्त कमला नगर जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

-रिपोर्ट शुभम जैन

# दृष्टि बदले सृष्टि अपने आप बदलेगी: अंतमुर्खी मुनि पूज्य सागर महाराज




**इंदौर. शाबाश इंडिया।** परम पूज्य अंतमुर्खी मुनि श्री 108 पूज्य सागर जी महाराज के चातुर्मास धर्म प्रभावना रथ का दूसरा पड़ाव के चौथे दिन हाई लिंक सिटी में बड़ी भक्ति भाव के साथ भक्तामर विधान के तीसरे दिन 224 अर्घ्य चढ़ाए गए । इसमें सर्वप्रथम जिनेंद्र भगवान का अभिषेक व शांति धारा करने का सौभाग्य आज के भक्तामर महामंडल विधान के पुण्यार्जक महेंद्र ममता, शुभम कनिका, विनय, रीत, विहा पहाड़िया को प्राप्त हुआ। तत्पश्चात नित्य नियम पूजन के साथ भक्तामर महामंडल विधान में आज 4 काव्य की आराधना की गई और तीन दिन में कुल 12 काव्यों मैं 672 अर्घ पूर्ण किए गए। आचार्य श्री अभिनंदन महाराज के चित्र अनावरण और दीप प्रज्वलन महेंद्र पहाड़ियां परिवार की गया । अंतमुर्खी परम पूज्य पूज्य सागर जी महाराज के पाद पक्षालन करने का सौभाग्य



महावीर अजमेरा, इमली बाजार वालो को और शास्त्र भेट महेंद्र गंगवाल, ऋषभ अजमेरा व महेंद्र ममता पहाड़िया परिवार को प्राप्त हुआ। मुनि श्री ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा की दृष्टि बदलती है तो सृष्टि अपने आप बदल जाती है। संसार में कोई कुछ भी कहे कोई कुछ भी करें तुम अपनी दृष्टि मत बदलना अपनी दृष्टि में हमेशा प्रेम, दया, वात्सल्य और दूसरों के सहयोग करने के भाव ही बनाए रखना। आप अपनी दृष्टि अच्छी बना कर रखेंगे तो कर्म नहीं बंधेंगे और वहीं पर अगर आपकी दृष्टि बुरी रही तो कर्म का बंधना कोई रोक नहीं सकता। जैसा चश्मा पहनेंगे वैसा ही हमें दिखाई देता है इसलिए हमेशा अपना चश्मा प्रेम का, दया का, वात्सल्य का, करुणा का दूसरों को सहयोग करने वाला पहन कर रखो। मुनिश्री ने कहा जैसे मारीची ने 363 मिथ्यामत चलाईं जिसमें हम आज भी घूम रहे हैं मारिची तो शेर की पर्याय में दृष्टि बदली और वह महावीर बन गया । लेकिन हम आज भी इन्हीं चक्रव्यूह में उलझे हुए हैं। जिस प्रकार से राम ने अपनी दृष्टि में वैभव, राजपाठ को नहीं रखकर केवल पिता के वचनों को रखा तो उन्होंने पिता के वचनों का पालन करते हुए वनवास को स्वीकार किया। मुनि श्री ने दो वाक्य से इसे बहुत ही अच्छा बताया कि मन एक उपजाऊ भूमि है जहां प्रति समय एक नया विचार, एक नई भावना उपज होती है इस मन रूपी भूमि में सकारात्मक भाव, विचार अगर आपने उपज किए हैं तो यह हमेशा हरी भरी रहेगी लेकिन अगर इसमें आपने कषाय और घृणा उपज की है तो यह एक बंजर भूमि की तरह बन जाएगा। जैसे धन की दृष्टि आप भविष्य की ओर रखते हैं वैसे ही व्यवहार की दृष्टि को भी भविष्य की ओर रखना चाहिए।





# महावीर पब्लिक स्कूल, सी स्कीम में दो दिवसीय भव्य प्रदर्शनी का हुआ शानदार समापन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री महावीर दिगंबर जैन शिक्षा परिषद जयपुर द्वारा संचालित महावीर पब्लिक स्कूल, सी स्कीम जयपुर में 2व 3 अगस्त को 2 दिन से नई शिक्षा नीति के नियमों के अनुसार चल रही आधुनिक तकनीकी एवं पर्यावरण से संबंधित भव्य प्रदर्शनी का समापन दिनांक 3 अगस्त को हुआ। अध्यक्ष उमराव मल संघी व मानद मंत्री सुनील बक्शी ने बताया कि शशि किरण,चीफ पब्लिक रिलेशन ऑफिसर (NWR), जयपुर संस्था के कार्यकारिणी सदस्यों, संस्था के पूर्व अध्यक्ष नरेश कुमार सेठी, श्रमण संस्कृति संस्थान के अध्यक्ष प्रमोद पहाड़िया, महावीर पब्लिक स्कूल की प्राचार्या,जयपुर के 11 स्कूलों से आए करीब 2000 विद्यार्थियों एवं उनके अध्यापक गणों , बच्चों के अभिभावकों सहित कई सम्माननीय गणों ने प्रदर्शनी में बच्चों के द्वारा किए शानदार प्रयासों की अत्यधिक प्रशंसा एवं सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।











## वेद ज्ञान

### परिश्रम के बगैर जीवन व्यर्थ

परिश्रम के बगैर मनुष्य का जीवन व्यर्थ है। परिश्रम किए बगैर मनुष्य को भोजन भी नहीं करना चाहिए, अन्यथा वह बीमार पड़ जाएगा। एक कहानी केअनुसार एक राजा वैभवपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहा था, लेकिन इसके बावजूद उसे लगता था कि वह बीमार है।ऐसे में जो भी चिकित्सक उससे यह कहता कि वह स्वस्थ है तो वह उसी को फांसी पर चढ़ाने का आदेश दे देता। अंत में एक चिकित्सक ने राजा से कहा कि आप तो गंभीर रूप से बीमार हैं। यह सुनकर वह खुशी से उछल पड़ा और बोला, यह बताओ कि मुझे क्या बीमारी है। चिकित्सक ने कहा कि राजा जी, आपको एक रहस्यमयी बीमारी है और इसका इलाज यही है कि आप एक दिन के लिए किसी सुखी और प्रसन्न व्यक्ति की कमीज पहनें। बहरहाल काफी खोजबीन के बाद भी राजा के सैनिकों को कोई प्रसन्न व्यक्ति नहीं मिला। राजा को जब यह बात मालूम हुई कि उसके राज्य में लगभग सभी दुखी हैं तो वह काफी विचलित हुआ। खैर एक दिन सैनिकों ने देखा कि एक व्यक्ति अपनी ही धुन में खोया हुआ गाना गाते हुए अपने खेत में काम कर रहा है। सैनिकों ने उससे पूछा कि क्या वह अपने जीवन से प्रसन्न है? उस व्यक्ति ने जब इसका उत्तर हां कहकर दिया तब सैनिकों को बहुत खुशी हुई और वे बोले कि क्या वह एक दिन के लिए अपनी कमीज राजा जी को दे सकता है।इस पर वह व्यक्ति बोला, मैं राजा जी को अपनी कमीज दे देता, लेकिन मेरे पास तो कोई दूसरी कमीज ही नहीं है। अगले दिन जब राजा उससे मिलने के लिए अपने महल से बाहर निकला तो चिड़ियों की चहचहाहट, स्वच्छ वातावरण व नए-नए चेहरों को देखकर उसे बहुत अच्छा लगा और वह अपने आपको स्वस्थ महसूस करने लगा।सार यही है कि प्रकृति द्वारा दिए गए संसाधनों का उपयोग वही व्यक्ति कर सकता है जो परिश्रम में विश्वास रखता है। गीता में भी श्रीकृष्ण परिश्रम का महत्व बताते हुए अजरुन से कहते हैं कि परिश्रम ही मनुष्य की वास्तविक पूजा-अर्चना है। इसके बिना मनुष्य का सुखी-समृद्ध होना कठिन है। जो परिश्रम नहीं करता, वह हमेशा दुखी व बीमार और दूसरों पर निर्भर रहता है।परिश्रम करने वाले व्यक्ति अपने कर्म से अपनी इच्छाओं की पूर्ति करते हैं।

## संपादकीय

# आपदा आने पर ही जागने की आदत

बरसात का मौसम हर वर्ष विकराल तबाही के मंजर लेकर आने लगा है। पहाड़ी इलाकों में तो हर वक्त बुरी खबर की आशंका बनी रहती है। अभी तक उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भारी बरसात से जमीन धंसने, घर, पुल, सड़कें, वाहन आदि बह जाने से सैकड़ों लोग मारे जा चुके हैं, सैकड़ों लापता हैं। हजारों लोग जहां-तहां फंसे हुए हैं, जिन्हें निकालने की कोशिशें जारी हैं। इसी हफ्ते केरल के वायनाड में भी भारी तबाही हो गई। भूस्खलन में



पूरे के पूरे कई गांव खत्म हो गए। मरने वालों की संख्या दो सौ के करीब पहुंच रही है, बहुत सारे लोग लापता हैं। ऐसे में फिर से वही सवाल उठने लगे हैं, जो कई वर्ष से उठते रहे हैं। इस मुसीबत की बरसात में सबसे प्रमुख सवाल यह उठ रहा है कि बरसात और उससे होने वाली तबाही को लेकर पहले से चेतावनी जारी करने का कोई भरोसेमंद तंत्र क्यों विकसित नहीं किया जाता, जिससे लोगों को समय रहते जोखिम वाली जगहों से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा सके। वायनाड के मामले में केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि वहां तीन-चार दिन पहले ही चेतावनी जारी कर दी गई थी कि बारिश से भारी तबाही हो सकती है, मगर राज्य सरकार ने उसे गंभीरता से नहीं लिया। मगर राज्य सरकार ने ऐसी किसी चेतावनी से इंकार किया है। अब विशेषज्ञों ने जोर देकर कहा है कि बारिश और भूस्खलन को लेकर पूर्व चेतावनी का व्यावहारिक तंत्र विकसित करने की जरूरत है। बरसात के बारे में चेतावनी मौसम विभाग जारी करता है। मगर अक्सर उसके पूवार्नुमान भरोसेमंद साबित नहीं होते। अनेक ऐसे उदाहरण हैं, जब वह बरसात से होने वाले नुकसान का सही-सही अंदाजा नहीं लगा पाया। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के पहाड़ों की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। अंधाधुंध चली विकास परियोजनाओं के चलते अनेक जगहों पर पहाड़ हिल चुके हैं, उनकी मिट्टी भुरभुरी हो चुकी है। जैसे ही तेज बरसात होती है, पहाड़ धंसने लगते हैं। उन पर बने घर, सड़कें और पुल ध्वस्त हो जाते हैं। बरसात की बदलती प्रकृति भी अब किसी से छिपी नहीं है। हिंद महासागर के गर्म होने से इस मौसम में बादल तेजी से बनते और मोटी बूंदों के रूप में बरसने लगते हैं। बादल फट पड़ते हैं। कम समय में बरसे अधिक पानी को पहाड़ झेल नहीं पाते। वायनाड के बारे में भी तथ्य छिपे नहीं थे। वहां का काफी बड़ा इलाका जोखिमभरा है। मिट्टी भुरभुरी होने की वजह से वहां भूस्खलन का खतरा हमेशा बना रहता है। मौसम विभाग और भूसर्वेक्षण से जुड़े महकमे अगर परस्पर तालमेल कर अध्ययन करें, तो बरसात के समय होने वाले नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकता है। जोखिम वाले इलाकों पर बारीकी से नजर रखी जाए, तो समय रहते वहां से लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया जा सकता है। जलवायु परिवर्तन के खतरे दिनों-दिन बढ़ रहे हैं। मगर उसके मद्देनजर न तो विकास परियोजनाओं का आकलन किया जाता है और न संवेदनशील जगहों पर सुरक्षा के लिहाज से एहतियाती उपाय किए जाते हैं। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# वंचितों के पक्ष में

प्रधान न्यायाधीश डी. वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय संविधान पीठ ने 6:1 के बहुमत से ऐतिहासिक फैसला दिया है कि राज्यों को अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) में उप- वर्गीकरण करने का अधिकार है। इसका अर्थ है कि इन समूहों के भीतर और अधिक वंचित जातियों को आरक्षण का लाभ दिया जाए। अगर इस फैसले को ईमानदारी और पारदर्शी तरीके से लागू किया गया तो हाशिये पर खड़े लोगों को लाभ पहुंचाने की दृष्टि से ज्यादा परिणामदायी हो सकता है। शीर्ष अदालत इसी के साथ एससी और एसटी समूहों के भीतर भी आरक्षण के मद्देनजर मलाईदार (क्रीमीलेयर) की पहचान करके उसे आरक्षण से बाहर करने की व्यवस्था दी है। अभी तक मलाईदार तबके का सिद्धांत केवल अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण में ही लागू है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने वाले दिनों में भारतीय राजनीति में नया अध्याय जोड़ेगा। सभी राजनीतिक दल अपने-अपने हितों के लिए आरक्षण का इस्तेमाल करते रहते हैं। देश में आरक्षण लागू होने के बाद प्रायः यही देखा जाता है कि इन जाति समूहों में जो अधिक ताकतवर हैं, वे आरक्षण का लाभ उठाने में सफल हो जाते हैं। और जो कमजोर हैं उन्हें कुछ नहीं मिलता। ये कुछ पाने की आस में इंतजार करते रह जाते हैं। सभी इस तथ्य से परिचित हैं कि ओबीसी में जो वंचित हैं वे भी शिक्षा और रोजगार पाने में सफल हो जाते हैं लेकिन एससी और एसटी समूह को यहां तक पहुंचने के ज्यादा अवसर प्राप्त नहीं होते। वस्तुतः देश के सार्वजनिक क्षेत्र में रोजगार सिकुड़ रहे हैं और निजी क्षेत्र में रोजगार अनिश्चितताओं से भरा है। जाहिर है ऐसे में स्थिर रोजगार की प्राप्ति के लिए आरक्षण की मांग भी बढ़ती जा रही है। कुछ समृद्ध और ताकतवर जातियां भी आरक्षण के लिए आंदोलनरत हैं। आजकल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी जातिगत जनगणना को बड़ा मुद्दा



बनाने की जिद ठाने हुए हैं। मान लिया जाए कि जातिगत जनगणना हो भी जाए तो क्या उससे सभी को रोजगार मिल जाएगा। सच तो यही है कि आरक्षण रोजगार का विकल्प नहीं हो सकता। इतना जरूर है कि एससी और एसटी में लगातार नये-नये समूह जुड़ते जा रहे हैं। इसलिए इस श्रेणी के आरक्षण में मलाईदार तबके की पहचान के लिए उनसे जुड़े आंकड़ों का सही तरीके से विश्लेषण करने की आवश्यकता है। अगर सरकारें ऐसा करने में सफल सिद्ध होती हैं तो वंचितों को आरक्षण का लाभ मिल पाएगा और सही मायनों में आरक्षण का लक्ष्य पूरा हो सकेगा।

# रिद्धि मंत्रो द्वारा भक्तामर अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने किया समर्पित श्री फल अर्ध्य

## मुनि अनुसरण सागर संत बच्चों को धार्मिक बुद्धि शिक्षा संस्कार दिए जाएंगे आज

**विमल जोला. शाबाश इंडिया**

निवाई। श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पर सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आयोजित 48 दिवसीय भक्तामर मण्डल अनुष्ठान का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भक्तामर स्तोत्र की पूजा अर्चना की। चातुर्मास कमेटी के प्रचार संयोजक विमल जौंला एवं हितेश छाबड़ा ने बताया कि जैन मुनि अनुसरण सागर महाराज संध के सानिध्य में 48 दिवसीय भक्तामर अनुष्ठान किया गया जिसमें सूरजमल जैन एवं नवरत्न टोंग्या को भगवान के अभिषेक एवं शांतिधारा करके भक्तामर अनुष्ठान में 48 श्री फल अर्ध्य संगीत के साथ चडाऩे का सौभाग्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार संयोजक हितेश छाबड़ा ने बताया कि पण्डित सुरेश कुमार शास्त्री के निर्देशन में रिद्धि मंत्रो द्वारा मण्डल जी पर श्री फल अर्ध्य चडाक र पूजा अर्चना की गई।



हितेश छाबड़ा ने बताया कि श्रद्धालुओं ने अनुष्ठान में भगवान शांतिनाथ जी के अभिषेक करके शांतिधारा की एवं आचार्य अभिनन्दन सागर महाराज एवं मुनि अनुसरण सागर महाराज की संगीतमय पूजन कर श्री फल अर्ध्य चडाक र पूजा अर्चना की। जौंला ने बताया कि रविवार को मुनि अनुसरण सागर महाराज द्वारा बच्चों को धार्मिक बुद्धि शिक्षा का संस्कार दिया जाएगा। भक्तामर अनुष्ठान में इन्द्र इन्द्राणियो ने भक्ति नृत्य की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर संजय सोगानी प्रेमचंद गिन्दोडी महावीर प्रसाद पराणा नेमीचंद सिरस प्रेमचंद सोगानी पदमचंद लाखनपुर रामपाल चंवरिया शशी सोगानी अर्चना टोंग्या उषा जैन इन्द्रा जैन रितु जैन ज्योति जैन अनिता गोयल संजू जौंला अक्षांत जैन मनन दतवास प्रतीक संधी सहित कई महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लिया।

# आत्मगुणों की खान थे आनन्द ऋषि जी महाराजः साध्वी प्रितीसुधा



**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** भक्ति से जुड़ जाता है वह परमात्मा से जुड़ जाता है। शनिवार को पंचायती नोहरा मे चातुमार्सार्थ विराजित प्रंखर वक्ता डॉ.प्रितीसुधा ने आचार्य सम्राट आनन्द ऋषि जी महाराज की 125वीं जन्म जयंती पर गुणगान करतें हुए कहा कि अपने गुरु के प्रति समर्पित आनन्द ऋषि ने गुरुदेव के वचनों का अनुसरण करते हए अपने जीवन को निर्मल पावन बनाया। अपने गुरू की इतनी भक्ति की कि वे दीप शिखा बन गए और श्रमण संघ को ऊंचाइयों पर ले गए। आज हर व्यक्ति महान बनना चाहता है लेकिन वह परिश्रम नहीं करता यदि व्यक्ति को महापुरुषों की तरह महान बना है तो उनके बताए गये धर्म के मार्ग पर चलेगे तभी हम पूज्यनीय और महान बन सकते हैं। आनन्द ऋषि जी शान्ति प्रियता, गंभीरता, मर्दुलता व विषम परिस्थितियों में भी धीरता रखने वाले आचार्य थे। साध्वी मधुसुधा ने आचार्यश्री के जीवन से जुड़ी बातों से अवगत करायाऔर बताया आचार्य परोपकार, विनय, विद्या आदि गुणों की खान थे। साध्वी संयमसुधा ने गीतिका के माध्यम से अपने भाव व्यक्त कियें। निलिष्का जैन जानकारी देतें हुए बताया आनन्द ऋषि महाराज के जन्मजयंती पर अनेक बहनो और भाईयो आयंबिल तप की तपस्या की सभी तपस्वियों का श्री संघ के अध्यक्ष सुरेश नागौरी महामंत्री रोशनलाल जैन, राजेंद्र खोखावत,प्रमोद चपलोत तथा महिला मंडल की अध्यक्षा मंजू सिरोया आदि ने समान किया इसदौरान साध्वीवृंद के बैगलोर से दर्शनार्थ पधारे पारसमल लोढ़ा का भी स्वागत किया गया। **-प्रवक्ता निलिष्का जैन**









# जैन इंजीनियर्स सोसायटी जयपुर साउथ चैप्टर कार्यकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

शनिवार को प्रातः 10.30 बजे अध्यक्ष इंजी. दीपक कुमार जैन की अध्यक्षता में श्री दिगम्बर जैन मंदिर मालवीय नगर स्थित सभागार में चैप्टर कार्यकारिणी समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में समिति के लगभग सभी सदस्य उपस्थित रहे। जेस इंटरनेशनल फाउंडेशन के राष्ट्रीय सचिव इंजी. पी सी छाबडा एवं संयुक्त सचिव इंजी. देवेन्द्र मोहन जैन ने भी बैठक में भाग लिया। णमोकार मंत्र के तीन बार सामूहिक उच्चारण के साथ बैठक की कार्यवाही आरम्भ की गई। सर्वप्रथम चैप्टर सचिव इंजी. पी के जैन द्वारा कार्यकारिणी समिति की गत बैठक का विवरण एवं लिए गये निर्णयों पर की गई कार्रवाई से समिति को अवगत कराया । उन्होने अवगत कराया कि समिति के निर्णयानुसार गत माह में अतिशय क्षेत्र बाडा पदमपुरा में वृक्षारोपण तथा बडा गांव ( त्रिलोक धाम ) इत्यादि का एक तीन दिवसीय तीर्थाटन का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। समिति ने निर्णयों पर की गई कार्वाई पर संतोष व्यक्त किया। समिति की बैठक में चैप्टर की अगस्त एवं सितम्बर माह की गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकांश सदस्यों का सुझाव था कि भाद्रपद माह में धार्मिक गतिविधियां होने के कारण अगस्त माह के तीसरे सप्ताह से सितम्बर माह के तीसरे सप्ताह तक चैप्टर की गतिविधियों को सीमित रखना उचित रहेगा । चर्चा के उपरांत माह अगस्त में एक सामाजिक सेवा एवं एक सामान्य गतिविधि तथा सितम्बर माह में क्षमावणी का सामुहिक कार्यक्रम हाथ में लेने का निर्णय लिया गया। इन गतिविधियों को अंतिम रूप देने के लिए समिति द्वारा चैप्टर अध्यक्ष व सचिव को अधिकृत किया गया। बैठक के अन्त में चैप्टर संयुक्त सचिव बी पी जैन द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों तथा सभा आयोजन के सहयोगी **इंजी. दीपक कुमार जैन** एवं इंजी प्रदीप कुमार जैन को धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन किया गया ।

# इनर व्हील क्लब कोटा नार्थ द्वारा पर्यावरण बचाने के लिये मैराथन दौड़




**आजाद शेरवानी. शाबाश इंडिया**

कोटा।इनर व्हील कोटा नॉर्थ द्वारा टू क्रिएट अवैरनेस ऑफ सेव द एनवायरनमेंट की थीम पर ग्रीन मैराथन का कार्यक्रम रखा गया। क्लब अध्यक्ष सरिता भूटानी और सेक्रेट्री डॉ विजेता गुप्ता ने बताया कि तलवंडी एरिया मै क्लब मेंबर्स द्वारा मेराथन धीमी दौड़ रखी गई। प्रयावरण बचाने के स्लोगन लिखे थैले हाथ मे ले कर क्लब मेंबर्स ने बारी बारी से दो राउंड लगाये। दौड़ में राजबाला, शशि झवर, दीपिका चौहान, डॉ विजेता, रजनी गोयल, रजनी अरोड़ा, डॉ वीनू बावेजा, डॉ, सुशीला बरथुनिया, अनीता शर्मा, शेला अग्रवाल, कौशल्या विजय, बीना त्यागी इत्यादि ने भाग लिया और आम जन समूह को पर्यावरण बचाने और प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के लिये जागरूक किया।

# दिगंबर जैन पाठशाला डडूका के बच्चों ने सिंगल यूज्ड प्लास्टिक प्रयोग न करने का संकल्प लिया




**डडूका. शाबाश इंडिया।** दिगंबर जैन पाठशाला डडूका के 24बच्चों ने पाठशाला प्रेरक अजीत कोठिया के नेतृत्व में सिंगल यूज्ड प्लास्टिक का प्रयोग न करने एवं अपने अभिभावकों को बाजार से सामान लाने कपड़े की थैली प्रयोग करने का संकल्प लिया। प्रार्थना से प्रारंभ पाठशाला के विशेष सत्र मे अजीत कोठिया ने सिंगल यूज्ड प्लास्टिक प्रयोग से पर्यावरण को होने वाले नुकसान पर विशिष्ट सूचनाएं एवम जानकारियां साझा की तो बच्चे हतप्रभ रह गए की प्लास्टिक के कप मे चाय पीने से कैंसर जैसे घातक रोग भी हों सकते हैं। पाठशाला के बच्चों का वार्षिक खेलकूद आयोजन तथा तीर्थदर्शन एवं मुनि दर्शन कार्यक्रम क्रमशः 18एवं 26अगस्त को प्रस्तावित है। बच्चो को सामान्य ज्ञान से जुड़े कई पहलुओं पर भी विशिष्ट जानकारियां दी गई। आयोजन का संचालन रीयल जैन ने किया आभार हर्षल जैन एवं दिव्य शाह ने किया।

# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप गुलाबीनगर का 37 सदस्य दल विदेश भ्रमण पर वियतनाम रवाना






**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप गुलाबीनगर के 37 सदस्यों का दल अध्यक्षा सुशीला बड़जात्या के नेतृत्व में विदेश यात्रा पर वियतनाम रवाना हुआ। ग्रुप में अध्यक्षा सुशीला विनोद बड़जात्या, प्रकाश रजनी कासलीवाल, पदमचंद भावसा, राजकुमार कोठारी, शांतीलाल जैन, ललित सुनीता जैन,रतन आशा सोगानी, देवेंद्र चित्रा जैन, नरेंद्र निर्मला सेठी, संतोष रेखा भंसाली, रमेश गुणमाला गंगवाल, विनोद किरण झाँझरी, चंद्रप्रकाश चंदा छाबडा, कमल विजय अजमेरा, कुसुम अशोक छाबडा, संजय सुनीता कासलीवाल, सुरेश मीना जैन, अजित इंदु सोगानी, पारस ललिता जैन,रत्न प्रभा शाह,शालू जैन है। डॉ सपना जैन ने सभी सदस्यों का तिलक लगाकर स्वागत किया। फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव विपुल बाँझल, राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष सुशील पांडया का ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष अनिल जैन, परम सरंक्षक सुरेन्द्र पांड्या, अध्यक्षा सुशीला बड़जात्या,पदम चंद भावसा ने माला पहनाकर स्वागत किया। विपुल बाँझल, सुशील पांड्या, अनिल शशि जैन, सुरेन्द्र पांड्या, जस्टिस नरेन्द्र जैन, निवर्तमान अध्यक्ष सुनील बज, निर्मल सेठी, महावीर पांड्या, प्रकाश कांता पाटनी राजेन्द्र छारेड़ा, नरेंद्र कासलीवाल, डॉ शैलेष जैन, डॉ सपना जैन ने ग्रुप के सदस्यों को शुभकामनाएं व बस को होटल फ्रेश वेव महावीर नगर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ग्रुप में फ्लेमिंगो के टूर मैनेजर सतेंद्र शर्मा भी साथ जा रहे हैं।



# अम्ब्रेला रेनडांस पार्टी का आगाज एम्बीशन किडस के साथ




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** एम्बीशन किडस एकेडेमी में शनिवार को अम्ब्रेला रेनडांस पार्टी सेलीब्रेशन किया गया। इस अवसर पर नन्हे बालक बालिकाओं ने सावन का आगाज करते हुए अम्ब्रेला रेनडांस पार्टी को खूब एन्जाय किया। नन्हे मुन्हों ने विभिन्न फिल्मी गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर बच्चों के लिए विभिन्न गेम्स भी आयोजित किये गये। संस्थान की प्राचार्या डॉ. अलका जैन ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन का मकसद बच्चों में एकसाथ मिल जुलकर कार्य करने की भावना का विकास करना है। सह प्राचार्या अनीता जैन ने बताया कि प्रतापनगर, श्योपुर रोड स्थित एम्बीशन किडस एकेडेमी पूर्णतया वातानुकूलित अंग्रेजी माध्यम स्कूल है जहां बच्चों की आधारभूत सुविधाओं के साथ साथ समग्र व्यक्तित्व निखारने पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इसमें लर्निंग विथ प्ले का कन्सेप्ट व्यावहारिक रूप से अपनाया गया है। इस हेतु बच्चों के लिए अनूठे किडस जोन की स्थापना की गई है जो बालकों के समग्र व्यक्तित्व के विकास में सहायक है। इस अवसर पर संस्था के चेयरमेन अन्तर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त वरिष्ठ होम्योपेथ डॉ. एम. एल. जैन मणि ने बच्चों को उपहार देकर उत्साहवर्धन किया। अन्ततः ऐकेडमी के निदेशक डॉ. मनीष जैन ने बालक बालिकाओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाऐं प्रेषित की।

## एक पौधा माँ के नाम अभियान में किया पौधारोपण



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** भारतीय जनता पार्टी मानसरोवर मंडल व जोन 14 विकास समिति द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पौधा मां के नाम के आह्वान पर आज विजयाराजे सिंधिया पार्क में अध्यक्ष अशोक रावतानी, महामंत्री राजेन्द्र खंडेलवाल, सुरेश जी मीणा, मंत्री सुनील जैन गंगवाल व अन्य पदाधिकारियों के साथ जोन 14 विकास समिति द्वारा पौधारोपण किया गया। वार्ड- 70 भाजपा संयोजक आनंद चौधरी व समिति अध्यक्ष रामावतार सोमवंशी ने बताया कि पार्क में लगभग 50 पौधे लगाए गए, जिनके संरक्षण की ज़िम्मेदारी वरिष्ठ व सेवानिवृत्त महानुभावों ने ली। इस अवसर पर नंदकिशोर काम्बोज, यशपाल भाटिया, राधे कटारा, रमेश माहेश्वरी, शैलेंद्र जैन, मनोज शर्मा, राजेश शर्मा, सुरेंद्र सचदेवा, मुकेश टॉक, ललित शर्मा, प्रतीक शर्मा, कीर्ति पाल शर्मा, अखिलेश मालिक, सुनील शर्मा, सुरेश गोयल, अभिषेक , नेतराम, रमेश बेनिवाल, संजीव शर्मा, संजय अतरवाल, अजय दासवानी, वीर सिंह , प्रेम सिंह जैन, रमेश चंद आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।



## गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी का 4 अगस्त 2024 को मनाया जायेगा भव्य 53 वां अवतरण दिवस समारोह

**गुंसी. शाबाश इंडिया।** प. पू. भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका रत्न 105 गुरु माँ विज्ञाश्री माताजी का 53 वां अवतरण दिवस समारोह 4 अगस्त 2024 को श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी में गुरु भक्त व चातुर्मास कमेटी के द्वारा अति भव्यता के साथ मनाया जायेगा। पूज्य माताजी के मुखारविन्द से शांतिनाथ प्रभु की शांतिधारा करने का अवसर राजेन्द्र ड्रीम होम जयपुर, विनोद पाटनी मेड़तासिटी वालों ने प्राप्त किया। माताजी ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि - विश्वास जीतना बड़ी बात नहीं है बल्कि विश्वास को बनाएं रखना बड़ी बात है । धागा टूट जाये तो जोड़ने के लिए गांठ बांधना पड़ती है। ठीक इसी तरह यदि कोई रिश्ता टूट जाये तो उसमें भी गांठ पड़ जाती है । इसलिए रिश्तों में एक दूसरे का भरोसा नहीं तोड़ना चाहिये। विश्वास बोलो तो एक सेकंड लगता है, सोचो तो एक मिनट लगता है , समझो तो एक दिन लग जाता है पर साबित करने में पूरी जिंदगी लग जाती है।



**शोक संदेश**

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी प्रिय

**रश्मि सिंघवी सीए**

**धर्मपत्नी श्री लक्ष्य सिंघवी**
**पुत्रवधू स्व. श्री सीए एचएम सिंघवी**

का आकस्मिक निधन दिनांक 03.08.2024 को हो गया है शवयात्रा दिनांक 04.08.2024 को प्रातः 9 बजे हमारे निवास स्थान ए-15,बी, विजय पथ, सावरकर मार्ग, तिलक नगर से आदर्श नगर मोक्षधाम के लिए प्रस्थान करेगी। उठावना दिनांक 05.08.2024 को प्रातः 11 से 11:30 बजे तक आगमन-प्रस्थान दादा बाडी, मोती डुंगरी रोड पर रखा गया है।

**शोकाकुलः-** रविन्द्रा (सास), राजेन्द्र- कांता (ताईसास), लक्ष्य (पति), प्रक्षाल (पुत्र), अक्षय- महिमा (देवर- देवरानी), डॉ. विनोद जैन, चम्पत राय (चाचा ससुर), सीए संजय गोधा, पुष्पा- चैतन्य (बुआ- फूफाजी), भारती- महेन्द्र लोढ़ा, आस्था- रवि (ननद- नंदोई) नैवद्या, शुभ, पर्व।
पीहर पक्षः दिनेश कुमार जी, कुणाल जी महात्मा उदयपुर वाले।

**फर्मः एच. एम सिंघवी एंड कंपनी चार्टड अकाउन्टेन्टस मो. 9829062538, 8769622047**

## अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज के प्रवचन से ...



**जो अपने लिए पसंद करते हो..**
**वही अपने पड़ोसी के लिए भी पसंद करो..!**

यदि आज हम दूसरे के लिए वही चीज पसंद करना शुरू कर दें जो खुद के लिए पसंद करते हैं, तो आज ही हमारे घर, परिवार और समाज से सारे वाद विवाद समाप्त हो जाये। सभी एक दूसरे के लिए हित चिन्तक बन जाये। परन्तु आज सब कुछ उल्टा पुल्टा हो रहा है। हमने हमेशा अपने लिए और अपने बच्चों के लिए अच्छी चीज पसंद की, लेकिन अपने पड़ोसी के लिए, गलत और विपरीत चीज पसंद की। यदि आप कहीं भोजन परोस रहे हैं, और आपके परोसने की थाली में एक गर्म फूली हुई पुड़ी है, भोजन करने वालों की लाइन में सब आपके अपने रिश्तेदार बैठे हैं, लेकिन उसी लाइन में आपका भाई भी बैठा है, आप वह गर्म पुड़ी किसकी थाली में परोसेंगे...?

**-नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल औरंगाबाद।**

## संस्कृत शिक्षा में 2827 पदों पर होंगी भर्तियां

**जयपुर. कासं।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में मेट्रो रेल और प्रदेश में बिजली उत्पादन को बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार और उसकी कंपनियों के साथ जॉइंट वेंचर (जेवी), इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट के गठन को मंजूरी दी गई। वहीं प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा विभाग में सुपर स्पेशियलिटी टीचर्स की कमी दूर करने से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए। बैठक के बाद उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कैबिनेट में हुए फैसलों की जानकारी दी।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# दीक्षार्थी बहिनों की मांगलिक गोद भराई सम्पन्न हुई



## गुरु के प्रति समर्पण ही सबसे बड़ी साधना: आचार्य श्री विमर्श सागर जी

**सोनल जैन. शाबाश इंडिया**

नई दिल्ली। गुरु आज्ञा ही शिष्यों का सच्चा साधना पथ है। अपने विश्व प्रसिद्ध महाकाव्य जीवन है पानी भी बूंदर भी पत्तियों से धर्मोपदेश भी शुरूवात करते हुये कृष्णानगर जैन मंदिर में प.पू. भावलिंगी संत श्रमणाचार्य श्री 108 विमर्शसागर जी महामुनिराज ने कहा कि- जिंदगी के घट में अनंत काल से हम सिर्फ मौत भरते आये हैं। जीवन काजल के घट में कभी अमृत भरने का पुरुषार्थ नहीं किया। सांसें आ रही है सांसे जा रहीं हैं लेकिन हमें सांसों का संगीत सुनाई नहीं देता। श्रद्धा भी गीत जब सुनाई देता है तभी सांस्तों या संगीत अनुभव में भाग है। जीवन का बोध उन्हें ही प्राप्त हो सकता है जिन्हें परमात्मा से प्रेम होता है। प्रेम के बिना जीवन भी कल्पना भी संभव नहीं है। प्रेम सभी के जीवन में होता है, बरस प्रेम के मायने सभी के पृथक- पृथक होते हैं। जिन्हें अपने शाश्वत अविनाशी बीच जीवन का बोध होता है उनका प्रेम परमात्मा के प्रति होता है। और जिन्हें जीवन कम बोध नहीं जी मृत्यु का ही वरण करने भी तत्पर हैं उनका प्रेम जगत के भौतिक प्रदायों के प्रति अपनी भाकांक्षाओं के प्रति होता है। जब अंग्रंग में आकांक्षाये, जागृत होती है तो आत्मा सागत्मा की दर भोगों भी ओर भागता है। इस काल में सर्वप्रथम भगवान ऋषभ ने भोगमार्ग से मोक्षमार्ग की भओर जाने की प्ररूपणा की। वे स्वयं प्रथम दिगम्बर मुनि बने और जगत भी बताया कि आत्मकल्याण के लिये भोग संस्कृति का व्याग और योग संस्कृति का आश्रय आवश्यक है। संयमियों भी गोद भराई-परम पूज्य जिनागम पंथ प्रवर्तक श्रावलिंगी संत-श्रमणाचार्य श्री 108 विमर्शसागर जी महा मुनिराज के मंगल सानिध्य में उनके ही अनुज आचार्य श्री विहर्ष सागर जी मुनिराज भी युगल शिष्यायें, दीक्षार्थी बा.ब्र. नीतू दीदी एवं बाल-ब्र. प्रियंका दीदी भी मांगलिक गोद भराई की रश्म बड़ी ही धूमधाम के साथ सम्पन्न हुई। गोद भराई पूर्व दोनों दीदीयों ने गुरु आशीष प्राप्त किया। आचार्य श्री ने उन्हे आशीष दिया कि जीवन में सबसे बड़ी साधना गुरु के प्रति समर्पण का भाव है और शिष्य के लिये सर्वोपरि गुरु आज्ञा है।



# भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 12 की प्रथम कार्यकारिणी बैठक एवं कार्यशाला सम्पन्न

**गौरव जैन सिन्नी. शाबास इंडिया**

चन्देरी। भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 12 की प्रथम कार्यकारिणी बैठक एवं कार्यशाला जैन मिलन शाखा चंदेरी के आतिथ्य में श्री अतिशय क्षेत्र खंदारगिरि में 2 अगस्त को सम्पन्न हुई। क्षेत्र क्रमांक 12 के क्षेत्रीय अध्यक्ष अतिवीर इंजी पी के जैन की अध्यक्षता में एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अतिवीर विजय जैन गुना, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अतिवीर विजय कुमार जैन राघोंगढ़ के मुख्य अतिथि में, एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतिवीर विनय कुमार जैन गुना, अतिवीर सुभाष जैन कैंची बीडी अशोकनगर, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री अतिवीर आनंद जैन गांधी, वीर महेंद्र जैन कड़ेसरा, अतिवीर नरेश जैन अशोकनगर, मार्गदर्शक अतिवीर कबूल चंद जैन गुना, क्षेत्रीय कार्य. अध्यक्ष वीर इंजी. एस सी जैन, वीर अनिल जैन बांझल शाढोरा, क्षेत्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीर अशोक जैन भारिल्य,वीर विनोद जैन भारिल्य ,वीर सुनील जैन धनु, वीरांगना ललित जैन मनयां भोपाल, सह मंत्री फाउंडेशन अतिवीर जितेश जैन भोपाल, क्षेत्रीय मंत्री अतिवीर इंजी.अनिल जैन भोपाल, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष अतिवीरप्रमोद जैन चौधरी, केंद्रीय महिला संयोजिका अतिवीरंगना डॉक्टर ममता भंडारी



गंजबासौदा, क्षेत्रीय मुख्य संयोजक वीर निर्मल जैन मिर्ची, क्षेत्रीय मुख्य महिला संयोजिका अतिवीरंगना रेखा अनिल जैन भोपाल, के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुई। जिसमें गुना, अशोकनगर ,आरोन, कुंभराज, रुठियाई, शाडोरा राघौगढ़, सहराई, मुंगावली, गंजबासौदा, आदि शहर के 100 से अधिक प्रतिनिधि एवं अध्यक्ष मंत्रियों की उपस्थिति हुई। बैठक प्रारंभ होने के पूर्व अतिशय क्षेत्र खंदारगिरि में राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में बड़ी संख्या में प्रतिनिधियों ने एक पौधा मां के नाम अंतर्गत वृक्षारोपण किया, जिसमें जैन मिलन चंदेरी एवं अतिवीर आनंद जैन गांधी का विशेष योगदान रहा। बैठक का शुभारंभ आचार्य श्री के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रज्वलन अतिथियों द्वारा किया एवं श्रीमती प्रिंसी जैन डांडिया चंदेरी के मंगलाचरण एवं मिलन गीत प्रस्तुत किया, तत्पश्चात महावीर प्रार्थना का सामूहिक पाठ किया गया। जैन मिलन चंदेरी एवं महिला जैन मिलन चंदेरी द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिनिधियों का स्वागत तिलक, माला, पट्टिका पहनाकर किया,एवं स्मृति चिन्ह के रूप में खंदारगिरी के आदिनाथ भगवान की तस्वीर भेंट की। जैन मिलन चंदेरी के अध्यक्ष वीर अर्पित जैन ने स्वागत भाषण दिया, क्षेत्रीय अध्यक्ष अतिवीर पी के जैन ने अपनी स्वागत उद्बोधन में उपस्थित सभी शाखाओं के अध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष,एवं प्रतिनिधियों से क्षेत्र की शाखा में चल रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त किया तथा आगामी तीन माह में होने वाले कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला, क्षेत्रीय मंत्री ने विगत चार माह की कार्यों की जानकारी सदन में प्रस्तुत की, एवं अतिवीर प्रमोद जैन चौधरी ने आय व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अतिवीर विजय जैन ने कहा कि हम संस्था को संगठित करें एवं हमारा उपदेश सभी को एक सूत्र में पिरोना है, सभी भेदभाव खत्म करने होंगे अन्यथा तीर्थ क्षेत्र गिरनार जी एवं अन्य तीर्थ क्षेत्र ,हमारे नहीं रहेंगे। भगवान महावीर का 2550 वा वर्ष चल रहा है, केंद्र द्वारा कॉलेज/ स्कूलों में चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता, मैराथन दौड़ आयोजित करने की निर्देश दिए हैं, आगामी माह में सभी शाखाए यह कार्य अवश्य करें। राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अतिवीर विजय कुमार जैन राघौगढ़ ने कहा कि हमें 20 से 40 वर्ष के युवाओं को शाखा से जोड़ना होगा, सह मंत्री अतिवीर जितेश जैन भोपाल ने सभी से निवेदन किया कि अपने नाम के साथ जैन अवश्य लगाए। अतिवीर विनय जैन ने 'हमारे जीवन में संगठन/ संस्था की क्या उपयोगिता' पर कहा कि संस्था से जोड़ने पर आप एक बहुत बड़े नेटवर्क से जुड़ जाते हैं, यह हमारे जीवन में आमूलचूल परिवर्तन ला सकता है।

# हमारे भाव ओर कर्म उत्तम होने पर जीवन बन जाएगा निर्मल व पावन : आचार्य सुंदरसागर महाराज

**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**



भीलवाड़ा। हमारा जीवन कैसा बनेगा ओर हम भविष्य में कौनसी गति प्राप्त करेंगे ओर हमारा गुणस्थान क्या होगा यह हमारे भाव ओर कर्म तय करते है। हमारे भाव ओर कर्म उत्तम होने पर जीवन सुंदर व पावन बन जाता है ओर हमारे गुणस्थान भी उच्च हो जाते है। इसलिए हमे हमेशा अपने भाव ओर कर्म सुंदर रख धर्म व परमात्मा की सेवा में जीवन समर्पित करना चाहिए। ये विचार शहर के शास्त्रीनगर हाउसिंग बोर्ड स्थित सुपार्श्वनाथ पार्क में श्री महावीर दिगम्बर जैन सेवा समिति के तत्वावधान में चातुर्मासिक (वर्षायोग) प्रवचन के तहत शनिवार को राष्ट्रीय संत दिगम्बर जैन आचार्य पूज्य सुंदरसागर महाराज ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि धर्म की ओर उन्मुख होने के लिए हमे अपने कषायों को कम करना होगा। कषाय कम होने पर भाव उपर उठेंगे ओर वो ही मन,वचन व काया के परिस्पंदन में विशुद्धि का परिणमन करवाएंगे।

# श्री दिगंबर जैन नसिया में चल रहे भक्तामर स्त्रोत काव्य विधान का आयोजन

**टोंक. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन नसिया में चल रहे भक्तामर स्त्रोत काव्य विधान के तहत शनिवार को भक्तामर स्त्रोत का 10, 11, 12वे काव्य की पूजा अर्चना करके इंद्र इंद्राणियों ने श्रीफल के अर्घ्य समर्पित किए। बालाचार्य ने पूर्ण नंदी जी महाराज ने भक्तामर काव्य के बारे में बताते हुए कहा कि आचार्य मांगतुंग स्वामी ने जब भक्तामर का स्तवन किया था तो वह इतना चमत्कारी हो गया था उसके प्रभाव से 48 ताले अपने आप टूट गए जब राजा को यकीन नहीं हुआ तो उसने आकर स्वयं देखा और यह जैन धर्म का चमत्कार देखकर उसने भी जैन धर्म की जय जयकार की । इस प्रकार इस पाठ को निरंतर करते रहने से कर्मों की निर्जरा होती है धन वृद्धि होती है आरोग्य बढ़ता है तत्पसा गुरुदेव के पाद पक्षालन एवं शास्त्र भेंट किए गए। इस मौके पर पुनर्जक परिवार नसिया बहु मंडल, प्रेमचंद अशोक कुमार, झिराना धर्मचंद मनोज कुमार फुलेता, निर्मल कुमार योगेंद्र कुमार फुलेता,रमेश चंद विमल कुमार फुलेता, धर्मचंद कमल कुमार फुलेता, धर्मचंद चंदन कुमार आड़रा, त्रिलोक ज्ञानचंद बोरदा ओमप्रकाश आड़रा कुमार आड़रा महेश प्रसाद चेतन कुमार सोहला प्रेमचंद एडवोकेट श्यामलाल सुनील कुमार फुलेता आदि श्रद्धालु ऑन ने संगीतकार मुकेश





महुआ ने हमको बुलाना शिखरजी बाबा, पारस के जयकार उसमें मधुबन गूंजे भजन पर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया समाज के हुकम जैन ने बताया की 28 व 29 अगस्त को 1150 तीर्थ यात्री समय शिखर जी जाएंगे।

# कपड़े की थैली मेरी सहेली पोस्टर का विमोचन




**सुरेश चंद्र गांधी. शाबाश इंडिया**

नौगामा जिला बांसवाड़ा। ग्रीन डे के शुभ अवसर पर ''सबकी सेवा सबको प्यार'' महावीर इंटरनेशनल अपेक्स करके द्वारा चला गया अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण जन जागृति अभियान के तहत आज रठ्ठविद्यालय नौगामा में विद्यालय के प्रोपराइटर सुभाष चंद्र नानावटी विद्यालय के प्रधान अध्यापक दिलीप दोसी महावीर इंटरनेशनल शाखा नौगामा के अध्यक्ष सुरेश चंद्र गांधी शाखा सचिव कैलाश पंचोरी शाखा के वीर सदस्य भरत पंचोली दिनेश चरपोटा रमेश चंद्र गांधी पंचोरी मुकेश गांधी एवं स्काउट छात्र एवं विद्यालय के छात्रों व विद्यालय स्टाफ के सानिध्य में कपड़े की थैली मेरी सहेली पोस्टर का विमोचन किया गया इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल शाखा नौगामा के अध्यक्ष सुरेश चंद्र गांधी ने बताया कि आजकल सिंगल युज प्लास्टिक से पर्यावरण संरक्षण में कई कठिनाई आ रही है प्लास्टिक के ढेर बढ़ते जा रहे हैं एवं प्लास्टिक पशुओं द्वारा भोजन समझकर खाया जा रहा है जिससे पशुओं के जीवनचार्य में बहुत कठिनाई आ रही है एवं प्राकृतिक प्रकोप बढ़ते जा रहे हैं इस हेतु संपूर्ण भारत वर्ष में 17 अगस्त को एक साथ 350 केंद्र द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु विद्यालयो के माध्यम से रेली आयोजन किया जा रहा है प्रातः 9:00 बजे से 12:00 बजे के बीच संपूर्ण भारत वर्ष में पर्यावरण संरक्षण जन जागृति कार्यक्रम किए जाएंगे इस अवसर पर स्काउट मास्टर कमल सिंह चौहान ने अपनी उद्बोधन में कहा कि हमें सिंगल युज प्लास्टिक का बिल्कुल उपयोग नहीं करना है एवं साथ ही अपने घर परिवार में भी इसका उपयोग नहीं करने की सलाह देनी है आभार विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिलीप दोसी द्वारा किया गया।


**शोक सन्देश**



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे प्रिय

**श्री अविनाश जी झांझरी (बाबू)**

सुपुत्र श्री अशोक जी झांझरी का

देवलोकगमन

दिनांक 2 अगस्त 2024, शुक्रवार को हो गया है जिनका

**उठावना**

दिनांक 4 अगस्त 2024 रविवार को

प्रातः 9.00 बजे रखा गया है।

स्थान : जैन भवन, सिटी रोड़, मदनगंज - किशनगढ़

-: शोकाकुल :-

शांतिलाल, अशोककुमार, कैलाशचन्द, देवेन्द्र
विकास, शैलेन्द्र, मनीष, आकाश, अजय, लक्ष्य
हर्ष, भव्य, जेनित, अयान, अर्हम एवं समस्त
झांझरी परिवार (दादिया वाले) मदनगंज - किशनगढ़
मो. 9829073531

## बेटा पढ़ाओ-संस्कार सिखाओ अभियान की टीम ने की धार्मिक यात्रा

**खाटूश्याम जी, जीणमाता मंदिर, हर्षनाथ मंदिर,सालासर बालाजी मंदिर,कालिका माता मंदिर सहित धार्मिक क्षेत्र की यात्रा कर किये दर्शन, देश खुशहाली की कामना की**



**लक्ष्मणगढ़, सीकर. शाबाश इंडिया।** बेटा पढ़ाओ-संस्कार सिखाओ अभियान की टीम ने खाटूश्यामजी मंदिर, जीणमाता मंदिर, हर्षनाथ मंदिर, सालासर बालाजी मंदिर, साँडन कालिका माता मंदिर, डूकिया ग्राम में महालक्ष्मी माता मंदिर, रामगढ़ शेखावाटी में चौधरी अमरीसती दादी मंदिर, ढांढ़ण सती माता मंदिर, बीड़ का बालाजी मंदिर फतेहपुर व दो जांटी बालाजी महाराज, बाबा भूतनाथ के दर्शन कर पूजा अर्चना की एवं देश खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर जीण माता मंदिर प्रांगण में मंदिर पुजारी प्रकाश पुजारी, सालासर बालाजी में मोहनदास महाराज मंदिर के पुजारी कमल पुजारी, जीणमाता मंदिर के पुजारी प्रकाश पुजारी, जय गुरु पुजारी, पुजारी राजेश पाराशर, दो जांटी बालाजी मंदिर के पुजारी श्रीराम पुजारी, प्रदीप पुजारी, चौधरी अमरीसती दादी मंदिर के पुजारी सुरेंद्र आचार्य, संजय हरितवाल के सानिध्य में विशेष पूजा अर्चना की गई एवं अभियान द्वारा किए जाने वाले अग्रिम कार्यों को लेकर चर्चा की गई। पुजारियों ने अभियान द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए अभियान को आज के समय की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता बताया एवं अभियान संयोजक कवि शर्मा का आभार प्रकट किया। इस अवसर बेटा पढ़ाओ-संस्कार सिखाओ अभियान के संस्थापक, अध्यक्ष कवि, पत्रकार हरीश शर्मा, सह-संस्थापक आकाश झुरिया, श्याम युवा मित्र मंडल अध्यक्ष शिव कुमार, खुड़ी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता राहुल सैन, चंदन पुजारी सहित टीम सदस्य उपस्थित रहे।

## नेट-थियेट पर भजन संध्या डाकिया रे

### पायोजी मैंने राम रतन धन पायो रचना ने भक्ति रस में डुबाया



जयपुर। नेट-थियेट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज डाकिया रे कार्यक्रमों में उभरते भजन गायक कन्हैया शर्मा और रिंकू नागलिया ने अपनी सुरीली आवाज से राजस्थानी गीत एवं भजन की ऐसी अविरल धारा प्रवाहित की दर्शक सावन की फुहार सा आनंद लेने लगे। नेट-थियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू ने बताया कि कलाकार कन्हैया और रिंकू ने अपने कार्यक्रम की शुरूआत राजस्थानी गीत जला सैणण मह तो राज रा,डेरा निरखना आई रे से की इसके बाद उन्होंने भजन पायोजी मैंने राम रतन धन पायो को बड़े ही सरीले अंदाज में सुना कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध किया । उसके बाद उन्होंने राजस्थान का सुप्रसिद्ध लोकगीत डाकिया रे तू कागज लिख दे,लिख परवानों म्हारो साजन रो और धन म्हारा देश बीकाणा को बड़े ही मनोयोग से गाकर अपनी जाएगी का परिचय दिया। कन्हैया और रिंकू ने संगीत की शिक्षा से प्रसिद्ध गायक बुंदू खा से ली। इनके साथ सैक्सोफोन पर प्रसिद्ध कलाकार राशिद खान ने अपनी सुरीली संगत से इस संध्या को खुशनुमा बना दिया। इनके साथ तबले पर प्रसिद्ध तबला नवाज गुलाम फरीद ने अपनी उंगलियों का जादू चलाकर दर्शक की तालियां बटोरी।

# जयपुर के रोटेरियनस का दल शिकागो से बोस्टन पहुंचा



**बोस्टन. शाबाश इंडिया।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056( राजस्थान ) के 5 सदस्यो का दल शिकांगो से बोस्टन पहुंचनेपर यहां के रोटेरियनस ने शानदार स्वागत किया । दल के सदस्य बसंत जैन ने बताया कि रोटरी का यह दल अमेरिका के 15 दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर फ्रेंडशिप एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत, फेलोशिप एवं पीस का संदेश लेकर रवाना हुआ था। यह दल शिकागो में 7 दिन कि अपनी यात्रा के बाद अमेरिका के बोस्टन शहर पहुंचा। दल यहां 7 दिन रुकेगा । यहां कि संस्कृति सेवा कार्य आदि के बारे में जानकारी करेगा तथा भारत में विशेष तौर पर राजस्थान की संस्कृति व यहां के रोटरी क्लबों द्वारा किए गए सेवा कार्यों की जानकारी यहां भी देगा। शिकागो के शहर में रोटरी के इंटरनेशनल सेंटर को तथा रोटरी के फाउंडर पाल हैरिस के निवास को देखा। साथ ही आगामी कार्यक्रमों जानकारी ली व दी तथा ग्लोबल ग्रांट के लिए निवेदन भी किया। विशेष बात यह यह है कि दल के सभी सदस्य स्थानीय सदस्यों के आतिथ्य को ग्रहण कर रहे हैं। दल में रोटरी क्लब गुरुकुल की राधिका शर्मा ,जयपुर मैन के अशोक शर्मा एलिट के पुष्पेंद्र देवन, उदयपुर रोटरी मेवाड़ के कपूर जैन भाग ले रहे हैं ' दल ने स्थानीय क्लबो की मीटिंग में भाग लिया साथ ही रोटरी के फ्लैग का आदान-प्रदान भी किया। सभी सदस्यो को रोटरी पिन भी पहनाई गई। बोस्टन में यह दल विश्व प्रसिद्ध मेसाच्यूट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी व हारवर्ड यूनिवरसिटी भी विजिट करेगा।

## रोटरी क्लब द्वारा रोगियों को फल वितरित



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

नसीराबाद । रोटरी क्लब की स्थानीय शाखा की ओर से शनिवार को राजकीय सामान्य चिकित्सालय में रोगियों को फल वितरित किए गए। रोटरी क्लब के वरिष्ठ सदस्य नंदकिशोर गर्ग ने अपने पुत्र राहुल गर्ग के कैरेबियन लीग क्रिकेट टीम में सलेक्शन होने पर रोटरी क्लब के तत्वावधान में रोगियों को फल वितरित किए गए। राहुल गर्ग अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेलेंगे। इस अवसर पर रोटरी क्लब अध्यक्ष मुकेश मित्तल, सेक्रेटरी हिमांशु गर्ग, नंदकिशोर गर्ग, विजय मेहरा, जयकिशन भागवानी, दयाल मीरचंदानी आदि उपस्थित थे।

## जैन तीर्थ गोमटगिरि इंदौर में भारतवर्षीय दिगंबर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी 'मध्यांचल' के चुनाव 18 अगस्त को होंगे

**राजेश जैन रागी. शाबाश इंडिया**

इंदौर। दिगम्बर जैन समाज के पौराणिक ऐतिहासिक धरोहर के अनुरूप आज से लगभग 121 वर्ष पूर्व 22 अक्टूबर 1902 को भारत वर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी का गठन हुआ था जिसमें हमारे संस्कार, संस्कृति, परंपरा की पहचान तीर्थ क्षेत्र के संरक्षण, संवर्धन एवं विकास के लिए भारत देश के विभिन्न प्रांतो मे फैले दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्रों के क्षेत्रीय कार्य योजना की सुरक्षा दृष्टि को देखते हुए अलग-अलग प्रांतों में मुख्य कमेटी के कार्य विभाजन का विस्तार किया गया जिसमें मध्य- प्रदेश में भी 'मध्यांचल' कमेटी का गठन हुआ। जिसमें हर 5 साल में कार्य पद्धति अनुरूप नए अध्यक्ष व नई कार्यकारिणी का गठन होता है। उसी क्रिया पद्धति से आगामी 18 अगस्त 2024 को पांच वर्ष के लिए इंदौर स्थित गोमटगिरी तीर्थ क्षेत्र पर मध्य- प्रदेश के सिध्दश्रेत्र, अतिशय क्षेत्र, पुरातत्व तीर्थ क्षेत्र - नैनागिरि, द्रोणगिरि , आहारजी, कुण्डलपुर, पपौरा , खजुराहो, आहूजी, गोलाकोटा, अमरकंटक, बावनगजा, बजरंगगढ़, सोनागिरी जी, ऊन, मक्सी, सिरोंज जैसे अनेक तीर्थ क्षेत्रों के लगभग 1474 प्रतिनिधि सदस्य 'मध्यांचल' के अध्यक्ष को चुनेंगे।

# ज्ञानतीर्थ टोडरमल में 47वां आध्यात्मिक शिविर 4 अगस्त से




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** आध्यात्मिक शिविरों की श्रृंखला में पंडित टोडरमल स्मारक ट्रस्ट के बैनर तले बापू नगर ज्ञानतीर्थ श्री टोडरमल स्मारक भवन में 47 वां आध्यात्मिक शिक्षण शिविर 4 से 11 अगस्त तक आयोजित होगा। शिविर की तैयारियां अंतिम चरण में चल रही है। शिविर के बारे में पंडित टोडरमल स्मारक ट्रस्ट के अध्यक्ष सुशील कुमार गोदिका व महामंत्री परमात्मप्रकाश भारिल्ल ने बताया कि शिविर का शुभारंभ 4 अगस्त को सुबह 8बजे अचरजदेवी ओसवाल व घेवरचंद ओसवाल पीतल फेक्ट्री जयपुर ध्वजारोहण करेंगी। इसके बाद शिविर का उद्घाटन प्रेमचंद-सुनीता बजाज कोटा करेंगे। मंडप उद्घाटन सुरेशचंद शिवपुरी,मंच उद्घाटन श्रीमती लीला-प्रेमचंद एडवोकेट दौसा व आचार्य कुंदकुद का चित्र अनावरण सुनील-भावना, शंतिलाल-स्नेहलता चौधरी भीलवाड़ा,आचार्य धरसेन का निशा जैन धर्मपत्नी लक्ष्मीचंद जैन जयपुर,पंडितप्रवर टोडरमल जी का कविता-प्रकाश चंद छाबड़ा परिवार सूरत व आध्यात्मिक पुरुष कानजी स्वामी का कुसुम-प्रकाश जैन अहमदाबाद करेंगे। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर ज्ञानदीप पंडित अभयकुमार शास्त्री, देवलाली,डॉ. शांतिकुमार पाटिल, जयपुर के मुख्य प्रवचनों का लाभ सभी को मिलेगा साथ ही आध्यात्मिकसत्पुरुष श्रीकानजीस्वामी एवं डॉ. हुकमचंद भरत के वीडियो प्रवचनों का प्रसारण भी किया जाएगा इसके अतिरिक्त पंडित कमलचंद जैन, पिड़ावा, डॉ. शुद्धात्मप्रभा टड़ैया, मुंबई, पंडित स्वानुभव शास्त्री, खनियाधाना की कक्षाओं का भी लाभ शिविरार्थियों को मिलेगा। शिविर में इस दौरान देशभर से 500 लोगों के आसपास श्रद्धालुओं की भाग लेने की संभावना है।

## कांवड़ियों की सेवा करने से मिलता है पुण्य : संतोष बैनीवाल

**रमेश भार्गव. शाबाश इंडिया**



ऐलनाबाद। गांव दड़बा कलां के शिव मंदिर में कांवड लेकर पहुंचे कांवडियों का महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव, सरपंच एसोसिएशन की प्रदेश उपाध्यक्ष व दड़बा कलां की सरपंच संतोष बैनीवाल ने स्वागत किया और उनसे आशीर्वाद लिया। उन्होंने तिलक लगाकर व फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। संतोष बैनीवाल ने भगवान शिव को जलाभिषेक कर पूजा अर्चना भी की। इस मौके पर संतोष बैनीवाल ने कहा कि कांवडियों की सेवा से पुण्य मिलता है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की सबसे बड़ी कांवड़ यात्रा एक आस्था की यात्रा है। इतनी गर्मी में हजारों मीन पैदल चलकर अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए गंगाजल भर कर कांवडिऐ अपने-अपने शहरों व गांवों के मंदिरों में जलाभिषेक करते हैं। उनकी सेवा करना हम सब का कर्तव्य है। बैनीवाल ने कहा कि ऐसी मान्यता है कि प्रत्येक सोमवार को भोलेनाथ की आराधना के साथ उनका जलाभिषेक अवश्य करना चाहिए। कहा जाता है कि इससे जीवन में आने वाली दरिद्रता का नाश होता है। भगवान भोलेनाथ दया की साक्षात मूर्त हैं और जरा सी पूजा से ही अपने भक्तों पर प्रसन्न होकर कृपा करते हैं। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# धर्म से सुरक्षा -धर्म का साथ कभी ना छोड़ें : मुनि प्रणम्य सागर महाराज

### जयपुर में पहली बार मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में मीरा मार्ग के आदिनाथ भवन पर चल रहा पार्श्व पुराण का वाचन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** संत शिरोमणि आचार्य 108 विद्यासागर महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज के मुखारबिन्द से मीरा मार्ग के आदिनाथ भवन पर कवि भूधरदास द्वारा विरचित पार्श्वनाथ पुराण का वाचन किया गया जिसमें जैन धर्म के 23 वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के आठवें पूर्व भव के बारे में बताया कि 16 सागर आयु पूर्ण कर पुहकलावती देश के राजा विद्युतगति के यहा पर जन्म हुआ तब उनका नाम अग्निवेग रखा गया। मुनि श्री ने वाचन करते हुए बताया कि धर्म से सुरक्षा है, धर्म से ही अनुकूलता एवं निश्चितता आती है। हमें हर सुख को भोगते हुए धर्म का साथ नहीं छोडना चाहिए। मुनि श्री ने कहा कि जैसे बरसात का जल संगठित करने से अमृत तुल्य बन जाता है, वैसे ही धर्म को अंतरंग में सही तरीके से उतारने से और उसका पालन करने से जीव हमेशा शत मार्ग पर चलता हुआ अपना मोक्ष मार्ग प्रशस्त कर सकता है। कथा के दौरान सजीव पात्रों ने मनमोहक अभिनय कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। मुनि श्री द्वारा



श्रद्धालुओं को अर्हम ध्यान योग के अन्तर्गत अरिहंत परमेष्ठी का ध्यान करवाया गया। इससे पूर्व मनीष - रचना चौधरी एवं संगीतकार नरेन्द्र जैन के निर्देशन में आचार्य विद्यासागर महामुनिराज की संगीतमय पूजा की गई। आचार्य समय सागर महाराज एवं मुनि प्रणम्य सागर महाराज का अर्घ्य चढ़ाया गया। तत्पश्चात समाजश्रेष्ठी मुकेश शास्त्री, जिनेंद्र शास्त्री एवं चंपालाल परिवार दिल्ली द्वारा संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महामुनिराज एवं आचार्य समय सागर महाराज के चित्र का जयकारों के बीच अनावरण किया गया। भगवान आदिनाथ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया गया। तत्पश्चात मुनि श्री प्रणम्य सागर महाराज के पाद पक्षालन का पुण्यार्जन किया। शास्त्र भेट करने का पुण्यार्जन आगरा के नरेन्द्र जैन द्वारा किया गया। इस मौके पर मंदिर समिति अध्यक्ष सुशील पहाड़िया, मंत्री राजेन्द्र सेठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील बैनाडा, उपाध्यक्ष तेज करण चौधरी, कोषाध्यक्ष लोकेन्द्र जैन,संयुक्त मंत्री मनोज जैन, संगठन मंत्री अशोक सेठी, सांस्कृतिक मंत्री जम्बू सोगानी,एडवोकेट राजेश काला, अशोक गोधा सहित सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने मुनि श्री प्रणम्य सागर महाराज ससंघ को श्रीफल भेट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन से जुड़े हुए विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि मीरामार्ग के श्री आदिनाथ भवन पर मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में रविवार 4 अगस्त को प्रातः 8.15 बजे श्री पार्श्वनाथ कथा का संगीतमय आयोजन आयोजन किया जाएगा इस मौके पर आचार्य विद्यासागर महामुनिराज की पूजा एवं मुनि श्री प्रणम्य सागर महाराज के मंगल प्रवचन होगें। मुनि श्री की आहारचर्या प्रातः 9:40 बजे होगी। दोपहर में 3.00 बजे शास्त्र चर्चा होगी। गुरुभक्ति एवं आरती सांय 6:30 बजे एवं वैयावृत्ति रात्रि 8:30 बजे होगी।